Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जुलाई भाग-1 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न और उत्तर

**1. उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (Production Linked Incentive-PLI) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मार्च 2020 में शुरू की गई पीएलआई योजना की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी।
2. वर्तमान में यह योजना 14 औद्योगिक क्षेत्रों को कवर करती है।
3. इस योजना के अंतर्गत घरेलू कम्पनियों को भारत में विनिर्माण के लिये दस वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर वित्तीय पुरस्कार प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (Production Linked Incentive-PLI) योजना:**

- **मार्च 2020** में शुरू की गई **PLI योजना** की परिकल्पना **घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने, आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन को बढ़ाने हेतु** की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना ने शुरू में तीन उद्योगों को लक्षित किया था अर्थात **मोबाइल और संबद्ध घटक विनिर्माण, विद्युत घटक विनिर्माण और चिकित्सा उपकरण।** बाद में, इसे **14 क्षेत्रों** तक बढ़ा दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- PLI योजना में, **घरेलू और विदेशी कंपनियों** को भारत में विनिर्माण के लिए वित्तीय पुरस्कार मिलते हैं, जो **पाँच वर्षों** तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**2. सीरो (Serow) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिमालयन सीरो पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिमालय में पाया जाता है, लेकिन ट्रांस हिमालयन क्षेत्र में नहीं।
2. हिमालयन सीरो IUCN रेड लिस्ट की संकटग्रस्त श्रेणी में है।
3. हाल ही में पश्चिमी असम के रायमोना राष्ट्रीय उद्यान में मुख्यभूमि सीरो के फोटोग्राफिक साक्ष्य दस्तावेज़ीकरण किये गए।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **हिमालयन सीरो** (मेनलैंड सीरो की एक उप-प्रजाति) आमतौर पर 2,000 मीटर और 4,000 मीटर के बीच की ऊँचाई पर पाई जाती है। वे **पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिमालय में पाए जाते हैं, लेकिन ट्रांस हिमालयन क्षेत्र में नहीं। अत: कथन 1 सही है।**
- **हिमालयन सीरो IUCN रेड लिस्ट** की **सुभेध श्रेणी** में है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मेनलैंड सीरो** का निवास स्थान **भारत-भूटान सीमा के पार फिबसू वन्यजीव अभयारण्य और भूटान में रॉयल मानस राष्ट्रीय उद्यान में है।** हाल ही में असम वन विभाग और संरक्षणवादियों ने पश्चिमी असम के **रायमोना राष्ट्रीय उद्यान** में **मेनलैंड सीरो** (कैप्रिकॉर्निस सुमात्राएंसिस थार) के पहले फोटोग्राफिक साक्ष्य का दस्तावेज़ीकरण किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**3. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाला REPLACE एक्शन फ्रेमवर्क किससे संबंधित है?**

A. एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग कम करना
B. प्लास्टिक की जगह बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करना

नोट :

C. खाद्य पदार्थों से ट्रांस वसा को समाप्त करना

D. चीनी का सेवन कम करने का अभियान

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** का **REPLACE** फ्रेमवर्क खाद्य आपूर्ति से औद्योगिक रूप से उत्पादित **ट्रांस वसा** के शीघ्र, पूर्ण और निरंतर उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिये छह रणनीतिक कार्यवाहियाँ प्रदान करता है:
  - औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस वसा के आहार स्रोतों और आवश्यक नीति परिवर्तन के परिदृश्य की **समीक्षा (Review)** करना।
  - औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस वसा को स्वास्थ्यवर्धक वसा और तेलों से प्रतिस्थापित करने को **बढ़ावा (Promote)** देना।
  - औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस वसा को समाप्त करने हेतु **कानून बनाना (Legislate)** या नियामक कार्रवाई करना।
  - खाद्य आपूर्ति में ट्रांस वसा की मात्रा का **आकलन (Assess)** और निगरानी करना तथा जनसंख्या में ट्रांस वसा की खपत में परिवर्तन करना।
  - नीति निर्माताओं, उत्पादकों, आपूर्तिकर्त्ताओं और जनता के बीच ट्रांस वसा के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभाव के बारे में जागरूकता **उत्पन्न (Create)** करना।
  - नीतियों और विनियमों का अनुपालन **लागू (Enforce)** करना।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**4. मुद्रा विनिमय समझौतों से संबंधित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अल्पकालिक विदेशी मुद्रा तरलता आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिये किये जाते हैं।
2. इन स्वैप परिचालनों में कोई विनिमय दर जोखिम शामिल नहीं होता है।
3. SAARC विनिमय सुविधाओं के अंतर्गत RBI कुल 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की विनिमय व्यवस्था की पेशकश कर सकता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दो देशों के बीच **मुद्रा विनिमय समझौता** तरलता समर्थन के लिये पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के साथ मुद्राओं का आदान-प्रदान करने का एक अनुबंध है।
  - केंद्रीय बैंक और सरकारें **अल्पकालिक विदेशी मुद्रा तरलता आवश्यकताओं** को पूरा करने या **भुगतान संतुलन (BOP)** संकट से बचने के लिये पर्याप्त विदेशी मुद्रा सुनिश्चित करने हेतु विदेशी समकक्षों के साथ मुद्रा विनिमय में संलग्न हैं, जब तक कि लंबी अवधि की व्यवस्था नहीं की जा सकती। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन विनिमय परिचालनों में **कोई विनिमय दर या अन्य बाज़ार जोखिम नहीं** होता है क्योंकि लेनदेन की शर्तें पहले से तय होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- RBI, **2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समग्र कोष** के अंतर्गत विनिमय व्यवस्था की पेशकश कर सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - विनिमय अमेरिकी डॉलर, यूरो या भारतीय रुपए में किया जा सकता है। इस ढाँचे में भारतीय रुपए में विनिमय के लिये कुछ रियायतें दी गई हैं।

**5. हिंद महासागर में पाए जाने वाले समुद्री खनिज संसाधनों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पॉलिमेटेलिक सल्फाइड कार्ल्सबर्ग रिज में पाए जाते हैं।
2. कोबाल्ट-समृद्ध फेरोमैंगनीज क्रस्ट अफानासी-निकितिन सीमाउंट में पाए जाते हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत ने हिंद महासागर के अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में अन्वेषण के लिये दो आवेदन प्रस्तुत किये।
    - **हिंद महासागर रिज ( कार्ल्सबर्ग रिज ) में पॉलीमेटेलिक सल्फाइड पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।**
    - मध्य हिंद महासागर में अफानासी-निकितिन सीमाउंट की कोबाल्ट-समृद्ध फेरोमैंगनीज परतें पाई जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत के पास हिंद महासागर में अन्वेषण के लिए दो अनुबंध हैं।
    - मध्य हिंद महासागर बेसिन और रिज में **पॉलीमेटेलिक नोड्यूल और सल्फाइड पाए जाते हैं।**

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टॉक मार्केट में फ्रंट-रनिंग का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?**

A. किसी कंपनी की आगामी वित्तीय रिपोर्ट के बारे में आंतरिक सूचना के आधार पर व्यापारों को निष्पादित करना।

B. किसी सार्वजनिक घोषणा के तुरंत बाद स्टॉक खरीदना या बेचना जिसका स्टॉक मूल्य पर प्रभाव पड़ता है।

C. एक दलाल या एजेंट जो स्टॉक मूल्यों में अनुमानित उतार-चढ़ाव से लाभ कमाने के लिये ग्राहक के ऑर्डर से पहले अपने खाते पर ऑर्डर निष्पादित करता है।

D. स्वयं के लिये कीमत को प्रभावित करने के प्रयास में पैनी स्टॉक में बड़े ऑर्डर देना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फ्रंट-रनिंग:**

- **फ्रंट-रनिंग**, जिसे **टेलगेटिंग** के नाम से भी जाना जाता है, **बाज़ार में हेरफेर** का एक रूप है।
- यह किसी **भेदिया अथवा दलाल, डीलर या कर्मचारी** द्वारा किसी स्टॉक या वित्तीय उपकरण में किया जाने वाला **व्यापार** है, जिसके पास **भविष्य के लेनदेन** के बारे में **आंतरिक सूचना** होती है, जो उसके मूल्य को प्रभावित करेगी।
- फ्रंट-रनिंग को एक **अनैतिक प्रथा** माना जाता है, क्योंकि दलाल या डीलर अपने **ग्राहकों** को **सूचना** उपलब्ध कराने से **पहले ही** उसके आधार पर समता (इक्विटी) में व्यापार करते हैं।
- एक फंड मैनेजर/दलाल किसी बड़े ऑर्डर से पहले प्रतिभूतियों को खरीदता या बेचता है या उसी या संबंधित वायदा या विकल्प अनुबंध में किसी आसन्न लेनदेन पर वायदा या विकल्प की स्थिति लेता है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**7. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **पुदुचेरी के भाग** | **निकटवर्ती राज्य** |
|---|---|
| 1. कराईकल | a. तमिलनाडु |
| 2. माहे | b. केरल |
| 3. यनम | c. आंध्र प्रदेश |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पुदुचेरी:**

- वर्तमान केंद्र शासित प्रदेश **पुदुचेरी** का गठन **वर्ष 1962** में **फ्राँसीसी** भारत के चार पूर्व उपनिवेशों ( **पुदुचेरी, कराईकल, माहे और यानम** ) को मिलाकर किया गया था।
- **पुदुचेरी** और **कराईकल** क्षेत्र **तमिलनाडु राज्य** से घिरे हुए हैं जबकि **माहे केरल राज्य से और यानम आंध्र प्रदेश राज्य** से घिरा हुआ है। **अत: युग्म 1, 2 और 3 सही सुम्मेलित हैं।**
- **विविध संस्कृति** को समायोजित करने के लिये, इसके **बहु-राज्यीय स्थान** के कारण, पुदुचेरी को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में मान्यता दी गई है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**8. प्रोजेक्ट नेक्सस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी परिकल्पना भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के इनोवेशन हब द्वारा की गई है।
2. इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर विभिन्न घरेलू तत्काल भुगतान प्रणालियों (IPS) को जोड़कर सीमा पार से भुगतान वृद्धि करना है।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रोजेक्ट नेक्सस:**

- **प्रोजेक्ट नेक्सस** की अवधारणा **अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS)** के **इनोवेशन हब** द्वारा की गई है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य **वैश्विक स्तर पर विभिन्न घरेलू तत्काल भुगतान प्रणालियों (IPS)** को जोड़कर **सीमा पार से भुगतान में वृद्धि करना** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस संबंध में BIS एवं संस्थापक देशों अर्थात् **मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड के केंद्रीय बैंकों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक** द्वारा 30 जून, 2024 को स्विट्ज़रलैंड के बासेल में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।

**9. अराकू कॉफी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू ज़िले में अराकू घाटी में उगाया जाता है।
2. इसे कूर्ग अरेबिका, वायनाड रोबस्टा, चिकमगलूर अरेबिका और बाबाबुदनगिरिस अरेबिका सहित भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अराकू कॉफी** आंध्र प्रदेश के **अल्लूरी सीताराम राजू ज़िले में अराकू घाटी में उगाई** जाती है, जो पूर्वी घाट में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस कॉफी में **चॉकलेट, कारमेल और सूक्ष्म फल अम्लता (Subtle Fruity Acidity) का विशिष्ट स्वाद** है।
- इसे विविध **कृषि वानिकी प्रणाली** में उगाया जाता है, मुख्य रूप से जैविक कृषि विधियों का उपयोग करके इसकी खेती की जाती है।
- इसे **आदिवासी किसानों** और सहकारी समितियों द्वारा उगाया जाता है तथा यह स्थायी आजीविका एवं सामुदायिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में मदद करता है।
- अराकू कॉफी को कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें **कैफे डी कोलंबिया प्रतियोगिता (Café de Colombia Competition) में "सर्वश्रेष्ठ रोबस्टा" पुरस्कार** भी शामिल है।
- अद्वितीय गुणों के लिये इसे वर्ष 2019 में **भौगोलिक संकेत (Geographical Indication- GI) टैग** प्राप्त हुआ।
  - **GI टैग प्राप्त** करने वाली अन्य भारतीय कॉफी में कर्नाटक से **कूर्ग अरेबिका, वायनाड रोबस्टा, चिकमगलूर अरेबिका, बाबाबुदनगिरीस अरेबिका** और केरल से मॉनसून **मालाबार रोबस्टा** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**10. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती पर मनाया जाता है।
2. वे भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य थे और विज्ञान में उनके योगदान के लिये उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**29 जून 2024** को **राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस** मनाया गया, जो कि प्रसिद्ध भारतीय सांख्यिकीविद् और अनुप्रयुक्त वैज्ञानिक **प्रोफेसर प्रशांता चंद्र महालनोबिस** की जयंती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- सांख्यिकी दिवस 2024 का **विषय *"निर्णय लेने हेतु डेटा का उपयोग या यूज़ ऑफ डेटा डिसीजन-मेकिंग"*** है।

नोट :

- यह दिवस देश के विकास के लिये **सामाजिक आर्थिक नियोजन और नीति-निर्माण में सांख्यिकी की भूमिका तथा महत्त्व** के बारे में **जन जागरूकता** पैदा करने के लिये वर्ष 2007 से मनाया जा रहा है।
- इस दिन **ई-सांख्यिकी** डेटा पोर्टल और **सेंट्रल डेटा रिपॉज़िटरी** का शुभारंभ किया गया।
- **प्रशांता चंद्र महालनोबिस** को **महालनोबिस दूरी और सांख्यिकीय माप** के अग्रणी के रूप में जाना जाता है।
    - वह भारत के पहले योजना आयोग के **सदस्य** थे और वर्ष 1931 में **भारतीय सांख्यिकी संस्थान (Indian Statistical Institute)** की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
    - विज्ञान में उनके योगदान के लिये उन्हें **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**11. जमा प्रमाणपत्र (Certificates of Deposit - CD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बैंकों और क्रेडिट यूनियनों द्वारा पेश किया जाने वाला एक मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट है जो एक निश्चित अवधि के लिये बैंकों में जमा किये धन पर मुद्रास्फीति आधारित ब्याज़ दर प्रदान करता है।
2. CD की न्यूनतम राशि 1 लाख रुपए है और उसके बाद इसके गुणकों की अनुमति दी जाती है।
3. बैंकों द्वारा जारी CD की परिपक्वता अवधि 1 माह से एक वर्ष तक होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **जमा प्रमाणपत्र (CD)** विभिन्न बैंक और क्रेडिट यूनियन द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एक परक्राम्य, अरक्षित (गैर-ज़मानती) मुद्रा बाज़ार लिखत है जिसमें एक निश्चित अवधि के लिये बैंकों में जमा धन पर एक **निश्चित ब्याज़ दर** की राशि प्राप्त होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CD की न्यूनतम राशि **1 लाख रुपए** है तथा इसके बाद इसके गुणकों की अनुमति दी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बैंकों** द्वारा जारी जमा प्रमाण-पत्रों की **परिपक्वता अवधि 7 दिन से एक वर्ष तक** होती है, जबकि **अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं** के लिये यह सीमा जारी होने की तिथि से **1 वर्ष से 3 वर्ष** तक होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**12. केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 द्वारा स्थापित किया गया है।
2. CCPA उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
3. यह भ्रामक विज्ञापनों के लिये निर्माताओं, विज्ञापनदाताओं और समर्थनकर्त्ताओं पर 1 लाख रुपए तक का जुर्माना लगा सकता है तथा इसके बाद उल्लंघन करने पर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 10** में दिये गए प्रावधान के अनुसार **केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA)** की स्थापना की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA), उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत** कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CCPA, **भ्रामक विज्ञापनों के लिये निर्माताओं, विज्ञापनदाताओं और समर्थनकर्त्ताओं** पर **10 लाख रुपए तक का जुर्माना** लगा सकता है, बाद के उल्लंघनों के लिये **जुर्माना 50 लाख रुपए तक** हो सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- प्राधिकरण भ्रामक विज्ञापन के समर्थक को **एक वर्ष तक किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने से प्रतिबंधित** कर सकता है, तथा इसके बाद उल्लंघन करने पर प्रतिबंध को **तीन वर्ष तक बढ़ाया** जा सकता है।

नोट :

**13. स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऑपरेशन जिब्राल्टर निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. 1947-1948 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

B. 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

C. 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

D. 1999 का कारगिल युद्ध

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन जिब्राल्टर:**

- अगस्त 1965 में शुरू किया गया ऑपरेशन जिब्राल्टर एक गुप्त पाकिस्तान समर्थित गुरिल्ला हमला था जिसका उद्देश्य भारत विरोधी भावना को भड़काना और कश्मीर में भारत सरकार के खिलाफ विद्रोह को भड़काना था।
- इसे जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तानी सेना के मेजरों के नेतृत्व में प्रशिक्षित और अच्छी तरह से सशस्त्र मुजाहिदीन तथा रजाकारों की कई टुकड़ियों को घुसपैठ कराने के लिये विकसित किया गया था।
- इसने शत्रुता की शुरुआत का संकेत दिया और अंततः एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध हुआ।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**14. स्टील स्लैग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें धातु ऑक्साइड प्रचुर मात्रा में होते हैं, जिन्हें मूल्यवान अंतिम उत्पादों में बदला जा सकता है।
2. इसकी बड़ी भार वहन क्षमता के कारण, इसका उपयोग सड़क आधार सामग्री में बजरी की तरह ही किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्टील स्लैग:**

- **स्टील स्लैग** में **धातु ऑक्साइड** और अन्य उपयोगी खनिज प्रचुर मात्रा में होते हैं, जिन्हें मूल्यवान अंतिम उत्पादों में बदला जा सकता है तथा इससे **अपशिष्ट** को न्यूनतम किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **जल** के साथ प्रतिक्रिया करके **कठोर** हो जाता है, तथा इसका **हाइड्रोलिक** गुण समय के साथ इसकी शक्ति को बढ़ाता है।
- इसकी अधिक **भार वहन क्षमता** के कारण इसका उपयोग **सड़क निर्माण सामग्री** में बजरी के समान ही किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**15. नैनोकम्पोजिट के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दो या दो से अधिक सामग्रियों का संयोजन है, जिनमें से कम से कम एक नैनोमटेरियल या नैनो सामग्री है।
2. इसका उपयोग उत्प्रेरण, ऊर्जा भंडारण, सेंसर, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स, बायोमेडिकल क्षेत्रों, कोटिंग्स और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नैनोकम्पोजिट:**

- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान ( Institute of Advanced Study in Science and Technology- IASST )** के शोधकर्त्ताओं द्वारा एक नया धातु/मेटल ऑक्साइड नैनोकंपोजिट विकसित किया गया है, जिसका उपयोग पर्यावरण की स्वच्छता के लिये सतत् प्रौद्योगिकियों के रूप में किया जा सकता है।
- **नैनोकम्पोजिट** दो या दो से अधिक सामग्रियों का संयोजन है जिनमें से कम से कम एक नैनोमटेरियल या नैनो सामग्री है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **नैनोकंपोजिट** का उपयोग **उत्प्रेरण, ऊर्जा भंडारण, सेंसर, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स, जैव चिकित्सा क्षेत्र, कोटिंग्स** और **नवीकरणीय ऊर्जा** उत्पादन में किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- गुवाहाटी में स्थित **विज्ञान और प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान** (Institute of Advanced Study in Science and Technology- IASST) **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** (Department of Science and Technology- DST) का एक स्वायत्त संस्थान है।

**16. डिजिटल इंडिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने के लिये लॉन्च किया गया था।
2. ब्रॉडबैंड हाईवे और मोबाइल कनेक्टिविटी तक सार्वभौमिक पहुँच डिजिटल इंडिया के 11 स्तंभों में से हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डिजिटल इंडिया:**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** द्वारा डिजिटल इंडिया को **भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य** लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- डिजिटल इंडिया के **9 स्तंभ** हैं।
  - इसमें **ब्रॉडबैंड हाईवे, मोबाइल कनेक्टिविटी तक सार्वभौमिक पहुँच,** सार्वजनिक इंटरनेट पहुँच, ई-गवर्नेंस, ईक्रांति, सभी के लिये सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नौकरियों के लिये आईटी और अर्ली हार्वेस्ट प्रोग्राम शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**17. विंडफॉल टैक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** यह कर बाह्य कारकों के कारण अत्यधिक लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं पर अधिरोपित किया जाता है।

**कथन-II:** यदि कोई कंपनी योजनाबद्ध रणनीति के कारण लाभ अर्जित करती है तो उससे विंडफॉल टैक्स नहीं लिया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विंडफॉल टैक्स:**

- विंडफॉल टैक्स, **एकबारगी (One-Time) कर** है जो उन संस्थाओं पर लगाया जाता है जिन्होंने **बाह्य कारकों** के कारण **अत्यधिक लाभ** अर्जित करते हैं। **अतः कथन I सही है।**
- हालाँकि सरकार विंडफॉल टैक्स केवल तभी लगा सकती है जब किसी कंपनी को हुआ अत्यधिक लाभ **बाह्य कारकों** के कारण हुआ हो।
  - अगर कोई कंपनी किसी **योजनाबद्ध रणनीति** के कारण लाभ अर्जित करती है तो कोई **विंडफॉल टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**18. कोडेक्स एलीमेन्टेरियस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. खाद्य उत्पादों पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शुल्कों को विनियमित करना।
B. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानक स्थापित करना।
C. विभिन्न आयु समूहों के लिये आहार संबंधी दिशा-निर्देश बनाना।
D. कृषि में आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMO) के उपयोग को बढ़ावा देना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कोडेक्स एलिमेंटेरियस:**

- **कोडेक्स एलीमेंटेरियस** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए गए **खाद्य मानकों** का एक संग्रह है।

नोट :

- यह अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों, दिशा-निर्देशों और अभ्यास संहिताओं को रेखांकित करता है जो इस **अंतर्राष्ट्रीय खाद्य व्यापार** की **सुरक्षा, गुणवत्ता एवं निष्पक्षता** में योगदान करते हैं।
- इसमें उपभोक्ता को वितरण के लिये सभी प्रमुख खाद्य पदार्थों, **चाहे वे प्रसंस्कृत हों, अर्द्ध-प्रसंस्कृत हों** या **कच्चे हों**, के लिये मानक शामिल हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**19. मैकाले का मिनट और वुड्स डिस्पैच निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. औद्योगिक विकास

B. कृषि सुधार

C. शिक्षा सुधार

D. न्यायिक सुधार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **मैकाले के 1835 के मिनट** में भारतीय शिक्षा में अंग्रेज़ी को शिक्षा का माध्यम बनाने की सिफारिश की गई थी। इसमें तर्क दिया गया था कि अंग्रेज़ी शासक वर्ग की भाषा है, आधुनिक ज्ञान की कुंजी है और यह भारत में पुनर्जागरण की चिंगारी जलाएगी।
- **1854 का वुड्स डिस्पैच** भारत में शिक्षा के विस्तार के लिये एक **व्यापक योजना** थी जिसमें कई महत्त्वपूर्ण नीतियाँ स्थापित की गईं।
  - दोनों ही शिक्षा के क्षेत्र में सुधार से जुड़े हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

**20. आमतौर पर बौद्ध धर्म से संबंधित अभय मुद्रा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निर्भयता के भाव को दर्शाता है।
2. यह ईसाई धर्म और जैन धर्म की प्रतिमा-शास्त्र में भी पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अभय मुद्रा एक हस्त मुद्रा** है जिसे सामान्यत: **बौद्ध और हिंदू प्रतिमा शास्त्र** में दर्शाया जाता है, जो **"निर्भयता की मुद्रा"** का प्रतिनिधित्व करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह आमतौर पर दाहिने हाथ की हथेली को कंधे की ऊँचाई पर बाहर की ओर रखते हुए तथा अँगुलियों को ऊपर की ओर रखते हुए बनाई जाती है।
- यह भगवान बुद्ध द्वारा ज्ञान प्राप्ति के तुरंत बाद की स्थिति से जुड़ी है, जो ज्ञान प्राप्ति से प्राप्त सुरक्षा, शांति तथा करुणा की भावना को दर्शाती है।"
- **अभय मुद्रा, ईसाई धर्म** तथा **जैन धर्म** सहित अन्य धार्मिक परंपराओं की प्रतिमाओं में भी पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**

**21. पोलियो रोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मुँह के माध्यम से शरीर में प्रवेश करती है, तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण करने से पहले आंत में गुणित होता है।
2. जोनास साल्क ने पहला सफल पोलियो वैक्सीन विकसित किया।
3. भारत को लगातार तीन वर्षों तक कोई भी मामला दर्ज न होने के बाद 2015 में WHO द्वारा पोलियो मुक्त घोषित किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोलियो के बारे में :**

- यह एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है जो मुँह के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है, तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण करने से पहले आंत में गुणित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पोलियो वायरस को विकसित करके एवं उसे निष्क्रिय करके तथा परीक्षण प्रतिभागियों को इंजेक्शन देकर, **जोनास साल्क** ने **पहला प्रभावी पोलियो टीका निर्मित** किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने 2014 में भारत को **पोलियो मुक्त घोषित** कर दिया था, जबकि लगातार तीन वर्षों तक कोई मामला सामने नहीं आया था। **अतः कथन 3 नहीं सही है।**

**22. घड़ियाल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IUCN रेड लिस्ट के अनुसार वे एक गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजाति हैं।
2. भारत में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियाँ उनका प्राथमिक निवास स्थान हैं।
3. घड़ियालों की थूथन पर एक प्रमुख हड्डीदार उभार होता है जिसे 'घारा' कहा जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**घड़ियाल:**

- IUCN की रेड लिस्ट के अनुसार घड़ियाल गंभीर रूप से लुप्तप्राय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- घड़ियाल भारत, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान की ब्रह्मपुत्र, गंगा, सिंधु और महानदी-ब्राह्मणी-बैतरणी नदी प्रणालियों में व्यापक रूप से वितरित थे। वर्तमान में, उनकी मुख्य आबादी गंगा की तीन सहायक नदियों (भारत में चंबल और गिरवा, और नेपाल में राप्ती-नारायणी नदी) में पाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- थूथन पर हड्डी जैसा उभार घड़ियालों की एक विशिष्ट विशेषता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**23. निम्नलिखित में से किसने विभिन्न देशों में AI की तैयारी के स्तर का आकलन करने के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तैयारी सूचकांक (AIPI) लॉन्च किया है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
B. विश्व बैंक
C. विश्व आर्थिक मंच
D. यूरोपीय संघ

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता तैयारी सूचकांक (Artificial Intelligence Preparedness Index - AIPI):**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)** ने **174 देशों** में AI की तैयारी के स्तर का आकलन करने के लिये **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तैयारी सूचकांक (AIPI)** लॉन्च किया है।
- यह **मैक्रो-स्ट्रक्चरल संकेतकों** के एक समृद्ध सेट के आधार पर AI की तैयारी के स्तर का आकलन करता है, जो देशों के डिजिटल **बुनियादी ढाँचे**, **मानव पूंजी**, **श्रम बाजार नीतियों**, **नवाचार**, **आर्थिक एकीकरण** और **विनियमन** तथा **नैतिकता** को कवर करता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**24. "संपूर्णता अभियान" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया एक साल का अभियान है।
2. इसका उद्देश्य आकांक्षी ज़िलों में 5 चिन्हित संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में संतृप्ति प्राप्त करना है।

**उपर्युक्त में कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संपूर्णता अभियान:**

- नीति आयोग ने 3 महीने का 'संपूर्णता अभियान' शुरू किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य 500 आकांक्षी ब्लॉकों और 112 आकांक्षी ज़िलों में 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्र संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों पर केंद्रित है।

नोट :

**25. वर्ष 1855 के संथाल हुल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विद्रोह का नेतृत्व सिद्धू, कान्हो, चाँद और भैरव मुर्मू ने किया था।
2. इसके कारण संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1876 लागू हुआ।
3. संथाल परगना का गठन भागलपुर और बीरभूम ज़िलों से हुआ था।

**उपर्युक्त में कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वर्ष 1855 का संथाल हुल:**

- 1855 का संथाल हुल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ सबसे शुरुआती किसान विद्रोहों में से एक था।
- इसका नेतृत्व चार भाइयों चार भाइयों - सिद्धो, कान्हो, चाँद और भैरव मुर्मू के साथ-साथ बहनों फूलो और झानो ने भी इसका नेतृत्व किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस विद्रोह के कारण संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1876 लागू हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- 1855 के संथाल विद्रोह के पश्चात् भागलपुर और बीरभूम ज़िलों से संथाल परगना का गठन किया गया था। परगना के अपने कानून थे। **अतः कथन 3 सही है।**

**26. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. सर्वोच्च न्यायालय छह सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति करता है।
2. इस समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC):**

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के **अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति छह सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- समिति में **प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता और केंद्रीय गृह मंत्री शामिल** होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **NHRC के पास आरोपी व्यक्ति को दंडित करने का अधिकार नहीं है।**
- मानवाधिकार हनन के अपराधियों की पहचान करने के बावजूद, NHRC पीड़ितों पर सीधे जुर्माना आरोपित या राहत प्रदान नहीं कर सकता। यह सीमा आयोग की प्रभावशीलता को कम कर देती है।

**27. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जिसके पास नियम बनाने, जाँच करने और दंड आरोपित करने का अधिकार प्राप्त है।
2. यह अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (SEC) के समान है और इसका उद्देश्य निवेशकों के हितों की रक्षा करना तथा प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)**

- यह एक अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जिसके पास नियम बनाने, जाँच करने और दंड आरोपित करने का अधिकार प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (SEC) के समान है** और इसका उद्देश्य निवेशकों के हितों की रक्षा करना तथा प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह तीन श्रेणियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करता है:
  - **जारीकर्त्ता:** एक बाज़ार प्रदान करके जिसमें जारीकर्त्ता अपने वित्त में वृद्धि सकते हैं।
  - **निवेशक:** सटीक और सटीक जानकारी की सुरक्षा और आपूर्ति सुनिश्चित करना।
  - **मध्यस्थ:** मध्यस्थों के लिये एक पेशेवर बाजार तक पहुँच प्रदान करना।

**28. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वचालित मार्ग के तहत, विदेशी इकाई को सरकार या RBI की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।
2. सरकारी मार्ग के तहत, विदेशी इकाई को सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होती है।
3. यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से अलग है जहाँ विदेशी इकाई केवल किसी कंपनी के स्टॉक और बॉण्ड खरीदती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश:**

- **स्वचालित मार्ग के तहत, विदेशी इकाई को** सरकार या RBI (भारतीय रिज़र्व बैंक) **की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सरकारी मार्ग के तहत,** विदेशी इकाई को सरकार की **स्वीकृति लेनी होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से अलग है,जहाँ विदेशी इकाई केवल किसी कंपनी के स्टॉक और बॉण्ड खरीदती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**29. नेट-ज़ीरो टारगेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका तात्पर्य उत्पादित कार्बन उत्सर्जन और वायुमंडल से निष्काषित कार्बन के बीच एक समग्र संतुलन प्राप्त करना है।
2. पेरिस समझौते के अनुसार वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न रखने के लिये 2030 तक उत्सर्जन में 45% की कमी लानी होगी और 2050 तक शुद्ध शून्य तक पहुँचना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेट-ज़ीरो टारगेट**

- **शुद्ध-शून्य** से तात्पर्य **उत्पादित कार्बन उत्सर्जन** और **वायुमंडल** से निष्काषित कार्बन के बीच एक **समग्र संतुलन हासिल करना** है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे **कार्बन तटस्थता** कहा जाता है, जिसका अर्थ **यह नहीं है** कि कोई देश अपने उत्सर्जन को शून्य पर ले आएगा।
  - इसके अतिरिक्त वनों जैसे **अधिक कार्बन सिंक का निर्माण** कर **उत्सर्ज़न के अवशोषण** को बढ़ाया जा सकता है।
    - वायुमंडल से गैसों को निष्काषित करने के लिये **कार्बन कैप्चर और स्टोरेज** जैसी भविष्य की तकनीकों की आवश्यकता है।
- 70 से अधिक देशों ने वर्ष 2050 तक **शुद्ध शून्य** लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है।
- ग्लोबल वार्मिंग को **1.5 डिग्री सेल्सियस** तक सीमित रखने के **पेरिस समझौते के लक्ष्य** को पूरा करने के लिये **वर्ष 2030** तक उत्सर्जन में **45%** की कमी लानी होगी और वर्ष 2050 तक इसे शून्य (नेट-ज़ीरो टारगेट) करना होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**30. इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में ज्वैलर्स द्वारा सोने के आयात को सुगम बनाने के लिये इसकी सर्वप्रथम घोषणा केंद्रीय बजट 2020-21 में की गई थी।
2. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) भारत में पात्र योग्य ज्वैलर्स को IIBX के माध्यम से सोने का प्रत्यक्ष आयात करने के लिये अधिसूचित करने हेतु ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ज्वैलर्स द्वारा **भारत में सोने के आयात को सुगम बनाने** के लिये **इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX)** की सर्वप्रथम घोषणा **केंद्रीय बजट 2020-21** में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो न केवल **ज्वैलर्स को एक्सचेंज पर व्यापार करने के लिये** न केवल **उनका नामांकन** करता है अपितु **सोने और चाँदी को स्टोर करने के लिये आवश्यक बुनियादी ढाँचा** भी स्थापित करता है।
- IIBX भारत में सोने के वित्तीयकरण को गति प्रदान करने के साथ-साथ **ज़िम्मेदार सोर्सिंग** और गुणवत्ता के आश्वासन **के साथ कुशल मूल्य विकल्प** की सुविधा भी प्रदान करेगा।
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) को **IIBX के माध्यम से सोने का प्रत्यक्ष आयात** करने के लिये भारत में पात्र योग्य ज्वैलर्स को अधिसूचित करने का कार्य सौंपा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन Axiom-4 मिशन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. मंगल ग्रह का पता लगाने के लिये NASA-ISRO का संयुक्त मिशन।

B. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिये एक निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन।

C. चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करने के लिये एक यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का मिशन।

D. वैश्विक संचार के लिये एक उपग्रह लॉन्च करने के लिये एक ग्रीक मिशन।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**Axiom-4 मिशन:**

- **NASA** और **अमेरिका** की निजी रूप से वित्तपोषित अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर Axiom स्पेस ने ISS के लिये **चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन** हेतु एक आदेश पर हस्ताक्षर किये जो अगस्त 2024 में फ्लोरिडा में स्थित **कैनेडी स्पेस सेंटर** से लॉन्च किया जाएगा।
- इस मिशन का लक्ष्य चौदह दिनों की अवधि के लिये ISS पर रुकना है।
- ISS एक बड़ी, स्थायी रूप से चालक दल वाली प्रयोगशाला है जो पृथ्वी की सतह से 400 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा करती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**32. भारतीय ईगल-उल्लू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय उपमहाद्वीप के पहाड़ी और शैलीय झाड़ीदार वनों में पाई जाने वाली एक बड़ी सींग वाली उल्लू प्रजाति है।
2. इसे पहले यूरेशियन ईगल-उल्लू की उप-प्रजाति माना जाता था।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय ईगल-उल्लू:**

- **भारतीय ईगल-उल्लू** को **रॉक ईगल-उल्लू** या **बंगाल ईगल-उल्लू** भी कहा जाता है।
- यह **भारतीय उपमहाद्वीप** में **पहाड़ी** और **शैलीय झाड़ीदार वनों** में पाई जाने वाली एक **बड़ी सींग वाली उल्लू** प्रजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे पहले **यूरेशियन ईगल-उल्लू** की **उप-प्रजाति** माना जाता था। इसे हाल के वर्षों में ही एक अलग प्रजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह प्राय: युग्म में पाए जाते हैं। यह प्रजाति गूँजती हुई **गड़गड़ाहट वाली आवाज़** में हूट करते हैं जिसे सुबह और शाम सुना जा सकता है।

**33. हाल ही में समाचारों में देखे गए KF51 पैंथर, अमेरिकी Abrams M1A2 और ज़ोरावर किससे संबंधित हैं:**

A. ड्रोन

B. टैंक

C. सैटेलाइट

D. द्विपक्षीय अभ्यास

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जर्मन KF51 पैंथर, अमेरिकी Abrams M1A2 और **भारतीय ज़ोरावर टैंक से संबंधित** हैं।
  - **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation-DRDO)** ने **भारत के देशज रूप से विकसित लाइट टैंक ज़ोरावर** के आदिप्रारूप (Prototype) का अनावरण किया जिसका अभी व्यापक परीक्षण किया जाएगा।
  - इसे DRDO और लार्सन एंड टुब्रो (L&T) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया था, जिसमें विभिन्न सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों का भी योगदान था।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**34. समयपुरम मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मंदिर तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्थित है और 1200 साल से भी ज़्यादा पुराना है।
2. यह देवी मरियम्मन को समर्पित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**समयपुरम मंदिर:**

- तमिलनाडु के **तिरुचिरापल्ली** में स्थित यह मंदिर **1,200 वर्ष से भी अधिक** पुराना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **देवी मरियम्मन** की किंवदंतियों से जुड़ा हुआ है, जिन्हें **देवी दुर्गा, महाकाली, आदि शक्ति या निशुम्भ सुधिनी** का अवतार माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**35. पार्टिकुलेट मैटर (PM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीएम 2.5 इतना छोटा होता है कि यह आसानी से नाक और गले के क्षेत्रों को पार कर जाता है तथा साथ ही सीधे रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा PM2.5 के लिये अनुशंसित सुरक्षित सीमा 15 $\mu g/m^3$ है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पार्टिकुलेट मैटर (PM):**

- ये **पार्टिकुलेट मैटर (PM) अत्यंत सूक्ष्म कण** होते हैं, जिनके साथ दिये गए अंक उनके व्यास को दर्शाते हैं।
- इसलिये PM 10 और PM 2.5 अपने व्यास में क्रमशः 10 तथा 2.5 माइक्रोन से छोटे होते हैं। **एक माइक्रोन एक मिलीमीटर का लगभग एक हज़ारवाँ भाग** होता है एवं यह छोटा आकार **मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाता है।
  - **कण जितने महीन** होते हैं, उनसे **स्वयं को बचाना उतना ही कठिन** हो जाता है।
- अपने आकार के कारण **PM 2.5 कण** आसानी से **नाक और गले को पार कर परिसंचरण तंत्र में प्रवेश** कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा PM 2.5** के लिये **अनुशंसित सुरक्षित सीमा 15 $\mu g/m^3$** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**36. कवक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे प्रोकैरियोटिक कोशिकाएँ हैं जिनमें झिल्ली-बद्ध अंगक और स्पष्ट रूप से परिभाषित नाभिक नहीं होते हैं।
2. वे विश्व के सभी समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ उन्हें बढ़ने के लिये पर्याप्त नमी होती है।
3. कवक या तो ज़मीन पर या पानी में पाए जाते हैं, मीठे पानी के कवक उच्च लवणता स्तरों के प्रति अपनी संवेदनशीलता के कारण स्वच्छ, ठंडे पानी में पनपते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कवक:**
  - वे **यूकेरियोटिक जीव** हैं और उनकी कोशिकाओं में झिल्ली से बँधे अंगक तथा स्पष्ट रूप से **परिभाषित नाभिक** होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - वे विश्व के **सभी समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** में पाए जाते हैं जहाँ उन्हें बढ़ने के लिये पर्याप्त नमी होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - कवक या तो ज़मीन पर या पानी में पाए जाते हैं, **मीठे पानी के कवक उच्च लवणता के स्तर के प्रति अपनी संवेदनशीलता के कारण स्वच्छ, ठंडे पानी में पनपते** हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**37. अपसौर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अपसौर पृथ्वी की अण्डाकार कक्षा का एक स्वाभाविक परिणाम है, जो ग्रहों के बीच गुरुत्वाकर्षण संबंधों का परिणाम है।
2. पृथ्वी की उपसौर और अपसौर तिथियाँ इसकी कक्षा की उत्केंद्रता में भिन्नता के आधार पर तय होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अपसौर:**
  - अपसौर पृथ्वी की अण्डाकार कक्षा का एक स्वाभाविक परिणाम है, जो ग्रहों के बीच गुरुत्वाकर्षण संबंधी अंत:क्रिया का परिणाम है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **पृथ्वी की कक्षा की उत्केंद्रता में भिन्नता के कारण** इसकी **उपसौर और अपसौर** तिथियाँ निश्चित नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **अपसौर (Aphelion)** का तात्पर्य पृथ्वी की कक्षा में उस बिंदु से हैं जहाँ **सूर्य से उसकी दूरी सर्वाधिक** होती है, जो प्रत्येक **वर्ष 3 से 6 जुलाई** के बीच घटित होता है **(NCERT के अनुसार 4 जुलाई)**।
  - **उपसौर:** उपसौर पर सूर्य से पृथ्वी की दूरी निकटम होती है जो प्रत्येक वर्ष 3 जनवरी के आस-पास घटित होता है और इसकी दूरी लगभग **147.5 मिलियन किलोमीटर** होती है।

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020
2. सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची
3. रक्षा गलियारे
4. रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX)

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिये सरकार ने उपर्युक्त में से कौन-सी पहल की है?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1, 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता:**

- रक्षा क्षेत्र में **आत्मनिर्भरता** हासिल करने के लिये सरकार द्वारा उठाए गए **कदम** निम्नलिखित हैं:
  - **रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020:** इसका उद्देश्य **स्वदेशी** स्रोतों के माध्यम से रक्षा उपकरणों के **अधिग्रहण** को अधिकतम करना और **घरेलू विनिर्माण** को बढ़ावा देना है।
  - **सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची:** यह भारतीय **सशस्त्र बलों** के लिये सूचीबद्ध वस्तुओं की **घरेलू निजी क्षेत्र के अभिकर्त्ताओं** या रक्षा **सार्वजनिक उपक्रमों** से खरीद करना अनिवार्य बनाता है।
  - **रक्षा गलियारे:** ये समर्पित क्षेत्र या रणनीतिक रूप से योजनाबद्ध क्षेत्र हैं जो रक्षा और **एयरोस्पेस से संबंधित वस्तुओं** के **स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा** देते हैं।
  - **रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX):** इसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता हासिल करना और रक्षा तथा **एयरोस्पेस** में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**39. लाम्बायेक क्षेत्र जो कभी-कभी समाचारों में आता है, कहाँ स्थित है ?**

A. पेरू

B. ग्रीस

C. यूक्रेन

D. मॉरीशस

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लाम्बायेक क्षेत्र:**

- **लाम्बायेक** उत्तर-पश्चिमी **पेरू** का एक तटीय क्षेत्र है।
- इस क्षेत्र का नाम **प्राचीन पूर्व-इंका सभ्यता लाम्बायेक** से उत्पन्न हुआ है जिसे **सिकन संस्कृति** भी कहा जाता है।
- यह अपने **समृद्ध मोचे** और **चिमू** ऐतिहासिक तथा संबंधित **पुरातात्त्विक स्थलों** एवं संग्रहालयों के लिये जाना जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**40. ज्वालामुखी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लावा शब्द का प्रयोग पृथ्वी के अंदर दिखाई देने वाली पिघली हुई चट्टानों और संबंधित सामग्रियों को दर्शाने के लिये किया जाता है।
2. मैग्मा पृथ्वी की सतह के ऊपर का लावा है।
3. माउंट एटना और स्ट्रोमबोली इटली में स्थित सक्रिय ज्वालामुखियों के उदाहरण हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

**उत्तर: C**

- **मैग्मा** शब्द का प्रयोग पृथ्वी के अंदर दिखाई देने वाली पिघली हुई चट्टानों और संबंधित सामग्रियों को दर्शाने के लिये किया जाता है। मेंटल का एक कमज़ोर क्षेत्र जिसे एस्थेनोस्फीयर कहा जाता है, आमतौर पर यह मैग्मा का स्रोत होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **लावा,पृथ्वी की सतह के ऊपर का मैग्मा** है। जब यह मैग्मा ज्वालामुखी के माध्यम से पृथ्वी की सतह पर आता है तब इसे लावा कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इटली में **माउंट एटना तथा स्ट्रॉम्बोली में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण** गर्म राख और लावा निकला है। ये दोनों **ज्वालामुखी सिसिली द्वीप पर स्थित** हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**41. SEHER कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनेस्को और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने SEHER कार्यक्रम शुरू किया है।
2. इससे महिलाओं को व्यवसाय विकास और रोज़गार सृजन के लिये आवश्यक वित्तीय साधनों तक पहुँच प्राप्त करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**SEHER कार्यक्रम:**

- **महिला उद्यमिता मंच ( WEP )** और **ट्रांसयूनियन CIBIL** ने भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिये **SEHER कार्यक्रम** शुरू किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह महिला उद्यमियों के बीच **वित्तीय साक्षरता** और **व्यावसायिक कौशल** बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया एक व्यापक **ऋण शिक्षा कार्यक्रम** है।
- इस पहल से महिलाओं की **व्यवसाय विकास** और रोज़गार सृजन के लिये आवश्यक **वित्तीय साधनों** तक पहुँच सुनिश्चित होगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**42. भीमबेटका शैलाश्रयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मध्य प्रदेश का एक पुरातात्त्विक स्थल है जो प्रागैतिहासिक पुरापाषाण और मध्यपाषाण काल से संबंधित है।
2. ये सतपुड़ा पर्वत के गिरीपाद में स्थित हैं।
3. यह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भीमबेटका शैलाश्रय:**

- भीमबेटका शैलाश्रय **मध्य प्रदेश** में एक पुरातात्त्विक स्थल है जो प्रागैतिहासिक **पुरापाषाण** और **मध्यपाषाण काल** से संबंधित है। यह भारत में मानव जीवन के प्रारंभिक खोज तथा **पाषाण काल** के साक्ष्य प्रदर्शित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये शैलाश्रय मध्य भारत के पठार के दक्षिणी छोर पर **विंध्य पर्वत** के गिरिपाद में स्थित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इन शैलाश्रयों को वर्ष 2003 में **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** घोषित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**43. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **देश** | **संयुक्त अभ्यास** |
|---|---|---|
| 1. | श्रीलंका | a. मित्र शक्ति |
| 2. | थाईलैंड | b. मैत्री |
| 3. | बांग्लादेश | c. संप्रीति |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संयुक्त अभ्यास:**

- अभ्यास **मित्र शक्ति भारत और श्रीलंका** के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- अभ्यास **मैत्री** भारतीय सेना और रॉयल **थाईलैंड** सेना के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- अभ्यास **संप्रीति** भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच एक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग अभ्यास है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

**44. शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने के मानदंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रारंभिक लेखन और ऐतिहासिक विवरणों की प्राचीनता 1,500 से 2,000 BC की है।
2. प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का संग्रह जिसे पीढ़ियों द्वारा मूल्यवान विरासत माने जाते है।
3. किसी अन्य भाषायी समुदाय से उधार न ली गई एक मौलिक साहित्यिक परंपरा की उपस्थिति।
4. शास्त्रीय भाषा और साहित्य, आधुनिक भाषा से भिन्न होने के कारण, शास्त्रीय भाषा तथा उसके बाद के रूपों अथवा शाखाओं के बीच एक विसंगति से भी उत्पन्न हो सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1, 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शास्त्रीय भाषाएँ:**

- **परिचय:**
  - वर्ष 2004 में भारत सरकार ने **"शास्त्रीय भाषाएँ"** नामक भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाने का निर्णय लिया।
  - **वर्ष 2006** में इसने शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिये मानदंड निर्धारित किये। अब तक **6 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा** प्रदान किया जा चुका है।
- **मानदंड:**
  - **प्रारंभिक लेखन और ऐतिहासिक विवरणों** की प्राचीनता **1,500 से 2,000 BC** की है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का संग्रह जिसे **पीढ़ियों द्वारा मूल्यवान विरासत** माने जाते है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - किसी अन्य भाषायी समुदाय से उधार न ली गई एक मौलिक साहित्यिक परंपरा की उपस्थिति। **अतः कथन 3 सही है।**
  - शास्त्रीय **भाषा और साहित्य, आधुनिक भाषा से भिन्न** होने के कारण, **शास्त्रीय भाषा तथा उसके बाद के रूपों अथवा शाखाओं के बीच एक विसंगति से भी उत्पन्न** हो सकती है। **अतः कथन 4 सही है।**

**45. रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना ज़ार पीटर द ग्रेट ने वर्ष 1698 में की थी और वर्ष 1998 में इसे पुनः स्थापित किया गया।
2. इसमें दो सिर वाला ईगल प्रतीक और हल्के नीले रंग का रेशमी मौइर रिबन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को **रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान *"ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल"*** से सम्मानित किया।
- सेंट एंड्रयू द एपोस्टल ऑर्डर की स्थापना **ज़ार पीटर द ग्रेट** ने वर्ष 1698 में की थी और इसे वर्ष 1998 में पुनः स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पुरस्कार का नाम **रूस और स्कॉटलैंड के संरक्षक संत सेंट एंड्रयू** के नाम पर रखा गया है, जिन्हें यूरोप तथा एशिया में ईसाई धर्म के प्रचार के लिये जाना जाता है।
- **इसमें दो सिर वाला ईगल प्रतीक एवं हल्के नीले रंग का रेशमी मौइर रिबन शामिल है। अतः कथन 2 सही है।**

**46. राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS) के तहत एक कानूनी रूप से गैर-बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि है।
2. इसका उद्देश्य खुले समुद्र में समुद्री जैव विविधता के दीर्घकालिक संरक्षण पर बढ़ती चिंताओं को दूर करना है।
3. इसका लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य 6 को प्राप्त करना है जो जल के नीचे जीवन से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते:**

- **राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौता संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून कन्वेंशन (UNCLOS)** के तहत एक **अंतर्राष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **ऊँचे समुद्रों** में समुद्री जैव विविधता के **दीर्घकालिक संरक्षण पर बढ़ती चिंताओं** को संबोधित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **हाई सीज़ (High Seas) समुद्र के वे हिस्से हैं** जो प्रादेशिक सागर में शामिल नहीं हैं या किसी देश के आंतरिक जल को उच्च सागर के रूप में जाना जाता है।
- **इसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य 14** को प्राप्त करना है, **जो जल के नीचे जीवन से संबंधित है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**47. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. यमन
2. ओमान
3. सीरिया
4. इज़रायल

**उपर्युक्त देशों में से कितने देश अरब प्रायद्वीप का हिस्सा हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अरब प्रायद्वीप:**

- **अरब प्रायद्वीप** अरब प्लेट पर अफ्रीका के उत्तर-पूर्व में स्थित है। **यह पृथ्वी पर सबसे बड़ा प्रायद्वीप है।**
- **यमन, ओमान**, कतर, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन और इराक के कुछ हिस्से अरब प्रायद्वीप का हिस्सा हैं।
- ऐसा माना जाता है कि यह **लाल सागर** के बहाव से बना है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**48. भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिये यू. के. सिन्हा समिति का गठन किया गया था।
2. एमएसएमई वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 30% का योगदान देता है, जो आर्थिक विकास को गति देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
3. एमएसएमई समाधान पोर्टल को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा एमएसएमई से सार्वजनिक खरीद के कार्यान्वयन की देखरेख के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- एमएसएमई के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिये **रिज़र्व बैंक** द्वारा **यू. के. सिन्हा समिति का गठन किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- एमएसएमई वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 30% का योगदान देता है, जो आर्थिक विकास को गति देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एमएसएमई संबंध पोर्टल (MSME Sambandh portal)** का उद्देश्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा एमएसएमई से सार्वजनिक खरीद के कार्यान्वयन की निगरानी करना है। हालाँकि, **एमएसएमई समाधान पोर्टल (MSME Samadhaan portal)** एमएसएमई के लिये **एक शिकायत निवारण पोर्टल है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्थान/विभाग वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) प्रकाशित करता है?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. भारतीय रिज़र्व बैंक
D. वित्तीय सेवा विभाग

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR),** भारतीय रिज़र्व बैंक **(RBI)** द्वारा **द्वि-वार्षिक रूप से प्रकाशित** की जाती है।
- **यह वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC)** की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाता है, जिसकी **अध्यक्षता RBI के गवर्नर** करते हैं।
- **वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**50. भारत में सहकारी क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित संस्थाओं पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय अकाल आयोग
2. मैक्लेगन समिति
3. केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय
4. मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार समिति

**संस्थाओं को उनकी स्थापना क्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिये:**

A. 1 - 2 - 4 - 3
B. 2 - 1- 4 - 3
C. 3 - 1 - 2 - 4
D. 1 - 3 - 2 - 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में सहकारी क्षेत्र से संबंधित संस्थान:**

- **वर्ष 1901 के भारतीय अकाल आयोग** ने रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा **वर्ष 1904 में पहला सहकारी ऋण समिति अधिनियम (Cooperative Credit Societies Act) पारित** किया गया। तथा उसके बाद वर्ष 1912 में संशोधित सहकारी समिति अधिनियम पारित हुआ।
- वर्ष **1915** में **सर एडवर्ड मैक्लेगन की अध्यक्षता** में एक समिति नियुक्त की गई, जिसका उद्देश्य यह अध्ययन करना और रिपोर्ट देना था कि क्या सहकारी आंदोलन आर्थिक एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।
- **वर्ष 1919 के मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों के माध्यम** से **सहकारिता एक प्रांतीय विषय** बन गया, जिसने इस आंदोलन को और अधिक गति प्रदान की।

नोट :

- सहकारिता मामले पहले कृषि मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में थे, किंतु **वर्ष 2021** में वे **केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के अधीन** आ गए।
  - अत: सही क्रम 1-2-4-3 है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**51. हाई सी ट्रीटी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औपचारिक रूप से इसे राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर समझौता कहा जाता है।
2. वर्ष 2020 में बातचीत के बाद, इसका उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और अंतर्राष्ट्रीय जल में जैव विविधता और समुद्री संसाधनों के संरक्षण और सतत् उपयोग को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हाई सी ट्रीटी:**

- औपचारिक रूप से इसे **राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर समझौता** कहा जाता है। संक्षेप में इसे **BBJN** या **हाई सी ट्रीटी** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **महासागरों के पारिस्थितिक स्वास्थ्य** को बनाए रखने के लिये **UNCLOS** के अंतर्गत एक नया अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढाँचा है।
- इस ट्रीटी पर वर्ष **2023 में बातचीत की गई** थी और इसका उद्देश्य प्रदूषण को कम करना तथा किसी भी देश के राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर समुद्री जल में जैवविविधता एवं अन्य समुद्री संसाधनों के संरक्षण और सतत् उपयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**52. ट्रांस फैट पर रिपोर्ट के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WHO ने TFA उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त करने वाले देशों को मान्यता देने के लिये एक सत्यापन कार्यक्रम शुरू किया।
2. डेनमार्क, लिथुआनिया, पोलैंड, सऊदी अरब और थाईलैंड TFA सत्यापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले पहले देश थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- औद्योगिक रूप से उत्पादित **ट्रांस फैट एसिड (TFA)** को हृदय रोग के लिये प्रमुख कारण माना जाता है। **TFA से कोई पोषण संबंधी लाभ नहीं मिलता है और यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।**
- WHO ने TFA उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त करने वाले देशों को मान्यता देने के लिये एक **सत्यापन कार्यक्रम** शुरू किया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - डेनमार्क, लिथुआनिया, पोलैंड, सऊदी अरब और थाईलैंड TFA सत्यापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले **पहले देश** थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- WHO सभी देशों को सर्वोत्तम अभ्यास नीतियों को लागू करने, सत्यापन कार्यक्रम में शामिल होने और कंपनियों को वैश्विक स्तर पर TFA को खत्म तथा उत्पादों को फिर से तैयार करने के लिये प्रोत्साहित करने की सिफारिश करता है।
  - केवल आठ अतिरिक्त देशों (अज़रबैजान और चीन सहित) में सर्वोत्तम अभ्यास नीतियों को लागू करने से **वैश्विक TFA बोझ का 90% समाप्त** हो जाएगा।

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) वर्ष 1992 के पृथ्वी शिखर सम्मेलन में अपनाए गए तीन रियो सम्मेलनों में से एक है।
2. सतत् विकास लक्ष्य 9 में भूमि आधारित पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण, बहाली और सतत् प्रबंधन का आह्वान किया गया है।
3. भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 126 मिलियन हेक्टेयर निम्नीकृत भूमि को बहाल करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो

नोट :

C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भूमि क्षरण तटस्थता:**

- **मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) वर्ष 1992 के पृथ्वी शिखर सम्मेलन** में अपनाए गए **तीन रियो सम्मेलनों** में से एक है, साथ ही **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)** और **जैविक विविधता पर कन्वेंशन (CBD)** भी इसमें शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सतत् विकास लक्ष्य 15 (भूमि पर जीवन)** भूमि आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण, बहाली और सतत् प्रबंधन का आह्वान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत का लक्ष्य वर्ष **2030** तक **26 मिलियन हेक्टेयर निम्नीकृत भूमि** को बहाल करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**54. एरियन श्रृंखला के रॉकेट निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन
B. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी
C. कोरिया एयरोस्पेस अनुसंधान संस्थान
D. इज़राइल अंतरिक्ष एजेंसी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एरियन रॉकेट:**

- **एरियन यूरोपीय नागरिक व्यययोग्य प्रक्षेपण वाहनों** की एक श्रृंखला है जिसका उपयोग **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी** द्वारा किया जाता है।
- एरियन प्रक्षेपण स्थल **फ्रेंच गुयाना के कौरौ** में है, जो भूमध्य रेखा से सिर्फ 5 डिग्री उत्तर में है।
- **एरियन 6 यूरोप की एरियन** रॉकेट श्रृंखला में नवीनतम रॉकेट है, जो दूर **गहन अंतरिक्ष (Deep Space)** में मिशन लॉन्च कर सकता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**55. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1976 में टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के बाद की गई थी।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA):**

- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** के प्रावधानों के तहत गठित एक **वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष **2005** में **टाइगर टास्क फोर्स** की सिफारिशों के बाद स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**56. प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग (PSL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PSL के तहत बैंकों को अपने ऋणों का एक न्यूनतम हिस्सा विकास क्षेत्रों या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना कर रहे क्षेत्रों को आवंटित करना अनिवार्य है।
2. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को अपने समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (ANBC) का 50% PSL के लिये आवंटित करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग (PSL)**

- PSL बैंकों को अपने ऋणों का एक न्यूनतम अनुपात विकास क्षेत्रों या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करने वाले क्षेत्रों को आवंटित करने का आदेश देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को अपने समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (ANBC) का 75% PSL के लिये आवंटित करना होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**57. हरित निधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन फंड म्यूचुअल फंड या अन्य प्रकार के निवेश साधन हैं जो सामाजिक और पर्यावरण के प्रति जागरूक नीतियों तथा व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देते हैं।
2. इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करते हुए और सतत् विकास को बढ़ावा देते हुए प्रतिस्पर्द्धी रिटर्न उत्पन्न करना है।
3. ग्रीन क्लाइमेट फंड की स्थापना विश्व बैंक ने वर्ष 2010 में की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हरित निधि**

- हरित निधि, जिसे टिकाऊ या पर्यावरण-अनुकूल फंड के रूप में भी जाना जाता है, निवेश वाहन हैं जो मुख्य रूप से उन कंपनियों और परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- उनका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत् विकास को बढ़ावा देने के वैश्विक प्रयासों में योगदान करते हुए प्रतिस्पर्द्धी वित्तीय लाभ उत्पन्न करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रीन क्लाइमेट फंड की स्थापना वर्ष 2010 में जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक प्रतिक्रिया में प्रतिमान बदलाव का समर्थन करने के लिए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**58. IT अधिनियम, 2000 की धारा 79 के तहत सुरक्षित बंदरगाह संरक्षण से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मध्यस्थ को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिये।
2. मध्यस्थ को प्रसारण आरंभ नहीं करना चाहिये प्रसारण के प्राप्तकर्त्ता का चयन नहीं करना चाहिये या प्रसारण में निहित जानकारी को संशोधित नहीं करना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **IT अधिनियम, 2000 की धारा 79(2)(b):** सुरक्षित बंदरगाह संरक्षण का लाभ उठाने के लिये, **मध्यस्थ को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी** होंगी:
  - उन्हें अपने **कर्त्तव्यों का निर्वहन करते समय पूरी तत्परता बरतनी** चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे **प्रसारण आरंभ नहीं करना चाहिये प्रसारण के प्राप्तकर्त्ता का चयन नहीं** करना चाहिये या **प्रसारण में निहित जानकारी को संशोधित नहीं करना** चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे सरकार के निर्देशों जैसे कि **मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता, 2021** या अदालती आदेशों का पालन करना चाहिये।

**59. वन हेल्थ पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मानव और पशु दोनों की प्राथमिकता वाली बीमारियों के खिलाफ एक एकीकृत रोग नियंत्रण दृष्टिकोण है।
2. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की एक संयुक्त पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **वन हेल्थ** एक ऐसा दृष्टिकोण है जो यह मानता है कि लोगों का स्वास्थ्य पशुओं और हमारे साझा वातावरण के स्वास्थ्य से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह **मानव और पशु दोनों क्षेत्रों की प्राथमिकता वाली बीमारियों** के खिलाफ एक एकीकृत रोग नियंत्रण दृष्टिकोण है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह **खाद्य और कृषि संगठन (FAO), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** और **विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH, OIE के रूप में स्थापित)** की एक चतुर्भुज पहल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**60. फेम (FAME) इंडिया योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य कम ब्याज दरों पर ऋण देकर इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करना है।
2. योजना का पहला चरण 2015 में शुरू हुआ और 2019 तक था।
3. यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक पहल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1

**उत्तर: B**

- **फेम (FAME) इंडिया योजना** का मुख्य उद्देश्य खरीद पर अग्रिम प्रोत्साहन देकर इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- फेम इंडिया का प्रथम चरण **2015** में शुरू हुआ और **31 मार्च 2019** को पूरा हुआ तथा इसके चार फोकस क्षेत्र थे, अर्थात् प्रौद्योगिकी विकास, मांग सृजन, पायलट परियोजना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर। **अत: कथन 2 सही है।**
- फेम इंडिया भारी उद्योग मंत्रालय की एक पहल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**61. जगन्नाथ मंदिर, पुरी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में गंगा राजवंश के शासनकाल के दौरान किया गया था।
2. यह कलिंग वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें विशिष्ट घुमावदार मीनारें और जटिल नक्काशी है।
3. इसे "ब्लैक पैगोडा" के नाम से जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जगन्नाथ मंदिर, पुरी:**

- **ओडिशा के पुरी** में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण **12वीं शताब्दी में गंग राजवंश** के शासनकाल के दौरान **अनंतवर्मन चोडगंग** द्वारा किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **कलिंग वास्तुकला** का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें विशिष्ट घुमावदार मीनारें, जटिल नक्काशी और अलंकृत मूर्तियाँ हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे "**व्हाइट पैगोडा**" के रूप में जाना जाता है, यह चार धाम तीर्थयात्रा के चार तीर्थ स्थलों में से एक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**62. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. कृषि वानिकी
2. कंटूर बंडिंग
3. फसल विविधीकरण
4. मिश्रित फसल

**उपर्युक्त कृषि पद्धतियों में से कौन-सी जलवायु-अनुकूल कृषि (CRA) का हिस्सा हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जलवायु-अनुकूल कृषि (CRA):**

- **जलवायु अनुकूल कृषि (CRA)** एक ऐसा दृष्टिकोण है जो जलवायु परिवर्तनशीलता के बावजूद दीर्घकालिक उच्च उत्पादकता और कृषि आय प्राप्त करने के लिये **फसल और पशुधन उत्पादन** में **प्राकृतिक संसाधनों** का स्थायी उपयोग करता है।
- जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर भूख और गरीबी को कम करने में निम्नलिखित जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियाँ सहायक हो सकती हैं:
  - **कृषि वानिकी:** इसमें फसलों के साथ-साथ पौधों की कृषि भी शामिल है।

- **मृदा एवं जल संरक्षण: कंटूर बंडिंग,** कृषि तालाब और चेक डैम जैसी तकनीकें मृदा में नमी बनाए रखने, मृदा अपरदन को कम करने तथा भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।
- **फसल विविधीकरण:** यह कीटों, बीमारियों या प्रतिकूल मौसम के कारण **फसल विफलता** के **जोखिम को कम करने** में मदद करता है।
- **मिश्रित फसल:** इससे उत्पादकता बढ़ती है और किसान को खाद्य सुरक्षा मिलती है।

- **अत: विकल्प D सही है।**

**63. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है।
2. IMO अपने उपलब्ध प्रवर्तन तंत्रों के माध्यम से अपने सम्मेलनों को लागू करता है।
3. यह उनसे संबंधित कानूनी मामलों में शामिल हुए बिना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात को सुविधाजनक बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IMO अपनी नीतियों को लागू करने के लिये **ज़िम्मेदार नहीं** है और न ही IMO के पास नीतियों के प्रवर्तन हेतु कोई तंत्र मौजूद है। **IMO सम्मेलनों का प्रवर्तन सदस्य दलों की सरकारों पर निर्भर करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह कानूनी मामलों में भी शामिल है, जिसमें देयता और मुआवज़ा संबंधी मुद्दे और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात की सुविधा शामिल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**64. हिमयुग तथा अंतर हिमयुग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिमयुग को अंतर हिमयुग की तुलना में अधिक ठंडा, धूल भरा तथा आमतौर पर शुष्क माना जाता है।
2. तलछट का जमाव एवं ग्लेशियरों के विस्तार एवं संकुचन के साथ पेड़ों के वलय से आर्द्र एवं शुष्क काल के संकेत मिलते हैं।
3. जब सौर धब्बों की संख्या कम हो जाती है तो शीत एवं आर्द्र मौसम के साथ तूफान में वृद्धि हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2  B. केवल 1
C. केवल 1 और 3  D. केवल 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **हिमयुग** को **अंतर हिमयुग** की तुलना में अधिक ठंडा, धूल भरा तथा आमतौर पर शुष्क माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **तलछट का जमाव एवं ग्लेशियरों के विस्तार एवं संकुचन के साथ पेड़ों के वलय** से आर्द्र एवं शुष्क काल के संकेत मिलते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- जब **सौर धब्बों की संख्या बढ़** जाती है, तो शीत एवं आर्द्र मौसम के साथ तूफान में वृद्धि हो जाती है। **सौर धब्बों की संख्या में कमी आने से गर्म तथा शुष्क परिस्थितियाँ** उत्पन्न होती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**65. ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ZSI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत की गई थी।
2. इसका मुख्यालय देहरादून में स्थित है।
3. यह केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया** (ZSI) की स्थापना **वर्ष 1916** में हुई थी और इसकी उत्पत्ति का संबंध वर्ष 1875 में कलकत्ता में भारतीय संग्रहालय के ज़ूलॉजिकल अनुभाग की स्थापना से है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय **कोलकाता** में स्थित है और देश के विभिन्न भौगोलिक स्थानों में 16 क्षेत्रीय स्टेशन स्थित हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत कार्य करने वाला एक प्रमुख शोध संगठन है। **अत: कथन 3 सही है।**

■■■

दृष्टि The Vision